>

Title: Need to construct railway overbridge at Kusumi Railway crossing on NH-96.

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़): सभापति महोदया, सबसे पहले मैं अध्यक्ष जी के लिए मां शीतला से यही कामना करता हूं कि वे जल्द से जल्द स्वस्थ हों और हम सभी के बीच में आएं ।

माननीय सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से अपने लोक सभा क्षेत्र प्रतापगढ़ अंतर्गत स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 96, प्रयागराज से अयोध्या जाने वाले मार्ग पर, अयोध्या-प्रयागराज रेलवे लाइन के कुसमी रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज न होने के कारण घंटो लगने वाले जाम की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं ।

यह राष्ट्रीय राजमार्ग कहीं न कहीं रामायण सर्किट से जुड़ा होने के कारण उतरौला, फैज़ाबाद, बस्ती, गोंडा, बहराइच, गोरखपुर, सुल्तानपुर आदि जनपदों से होता हुआ, प्रयागराज जाने वाला एकमात्र महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग है । जिसमें प्रतापगढ़ जंक्शन से भूपियामऊ रेलवे स्टेशन के बीच कुसमी रेलवे क्रासिंग पर रेलवे ओवरब्रिज नहीं होने की वजह से गाड़ियों के आवागमन के समय क्रॉसिंग बंद होने से 3 से 4 किलोमीटर लंबे जाम से लोगों को जूझना पड़ता है । इसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं भी होती हैं और आवागमन बाधित होने से पुलिस को भारी मशक्कत का सामना करना पड़ता है ।

माननीय सभापति महोदया जी, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के रेल मंत्रालय से यह आग्रह करना चाहता हूं कि अयोध्या से प्रयागराज तक जाने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 96 के कुसमी रेलवे फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज तत्काल बनाए जाने हेतु स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें ।